तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि - कांकेर भूमि

रायपुर, रविवार 26 जुलाई 2026



14 किसानों को मिली बड़ी सौगात, दस बैटरी...



14 गैस गोदाम के पास शराबियों का जमावड़ा, महिलाओं...



Shri Gopala HOSPITAL
श्री गोपाला चाइल्ड एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल
रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी
सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल



बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध



24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज



बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा
सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### युवक की मौत पर मर्ग कायम

**कांकेर**। चारामा थानांतर्गत चुचरूंगपुर निवासी 36 वर्षीय प्रभुराम यादव पिता अनुराम यादव का अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो गया। जिला अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक को इलाज के लिए 26 जून को अस्पताल में लाया गया था। मृतक की मौत अस्पताल पहुंचने के पूर्व हो चुकी थी। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### युवती ने फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर**। कोरर थानांतर्गत मरकाटोला निवासी 18 वर्षीय रागनी निर्मलकर पिता राजकुमार निर्मलकर ने 6 जून को फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। सीएचसी धनेलिकन्हार से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि युवती ने फांसी लगा लिया था, जिसे इलाज के लिए उसके परिजन अस्पताल लाए थे। युवती ने फांसी किन कारणों से लगाया यह स्पष्ट नही हो पाया है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

## सिक्सलेन की सड़कों की मरम्मत की सच्चाई हरिभूमि की पड़ताल से खुली

### सड़क की दरारों को डामर से भरा और किनारे में सीसी निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर/बासनवाही

सरगी से बासनवाही तक नवनिर्मित छह लेन सड़क पर आई दरारों का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद निर्माण एजेंसी की सक्रियता बढ़ गई है। शनिवार को हरिभूमि की टीम जब 99वें माइलस्टोन के पास मौके पर पहुंची तो वहां वह दृश्य नहीं था, जो कुछ दिन पहले वायरल वीडियो में दिखाई दे रहा था। सड़क पर पड़ी दरारों को डामर से भर दिया गया था, जबकि सड़क किनारे करीब 35 मीटर हिस्से में सीमेंट-कंक्रीट (सीसी) का निर्माण कराया जा रहा था। हालांकि, मौके पर कोई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद नहीं मिला। केवल कंपनी के कुछ कर्मचारी और पानी के टैंकर के साथ चालक ही कार्यस्थल पर दिखाई दिए।

- एनएचएआई के परियोजना निदेशक बोले – गुणवत्ता नहीं, सड़क किनारों से पानी के सीपेज के कारण आई तकनीकी समस्या

जानकारी के अनुसार सरगी से बासनवाही तक छह लेन सड़क निर्माण का



कार्य दिलीप बिल्डकॉन लिमिटेड (डीबीएल) द्वारा कराया गया है। बासनवाही की ओर जहां परियोजना का निर्माण कार्य समाप्त होता है, उससे लगभग 800 मीटर पहले 99 वें माइलस्टोन के सामने डामर सड़क पर दरारें उभर आई थीं। इन दरारों का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने के बाद सड़क निर्माण की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठने लगे थे। इन चर्चाओं के बीच हरिभूमि ने शनिवार 25 जुलाई को मौके पर पहुंचकर वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि जिस स्थान पर सड़क फटी हुई दिखाई दे रही थी, वहां मरम्मत का कार्य पहले ही किया जा चुका था। दरारों को डामर से भरकर समतल कर दिया गया था। इसके साथ ही सड़क के किनारे कच्चे हिस्से में सीसी निर्माण कराया जा रहा था, जिससे स्पष्ट था कि पानी के रिसाव को रोकने के लिए अतिरिक्त उपाय भी किए जा रहे हैं। मौके पर मौजूद पानी के टैंकर चालक ने बताया कि उसे तकनीकी कारणों की जानकारी नहीं है। उसके अनुसार, अधिकारियों ने उसे केवल यह निर्देश दिया है कि सीसी का निर्माण पूरी तरह सूखने के बाद उस पर नियमित रूप से पानी डालना है। इसी वजह से टैंकर लेकर खड़ा हूँ।

#### सुधारात्मक कार्य जारी

डामर की मरम्मत के साथ सड़क किनारे सीसी निर्माण यह संकेत देता है कि पानी के रिसाव को रोकने और भविष्य में ऐसी समस्या दोबारा न हो ⏭ शेष पेज 12 पर

#### गुणवत्ता खराब नहीं, सीपेज से आई दिक्कत

एनएचएआई पीआईयू अभनपुर के परियोजना निदेशक शमसेर सिंह ने हरिभूमि से चर्चा में सड़क पर आई दरारों को निर्माण गुणवत्ता से जोड़ने से इंकार किया। उन्होंने बताया कि सड़क के किनारों से पानी का सीपेज नीचे की सब-बेस और बेस लेयर तक पहुंच गया, जिससे उनकी मजबूती प्रभावित हुई। इसके परिणामस्वरूप ऊपरी डामर परत में दरारें दिखाई दीं। उनका कहना था कि यह निर्माण गुणवत्ता की कमी नहीं है, क्योंकि संबंधित मार्ग पर अभी तक वाहनों का संचालन शुरू ही नहीं हुआ है। यदि सड़क पर यातायात ही नहीं चला है, तो वाहन भार से नुकसान होने का प्रश्न भी नहीं उठता।



## बंटवारा विवाद पर खूनी संघर्ष, बड़े भाई ने घर में घुसकर की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



पैतृक मकान के बंटवारे को लेकर शुरू हुआ पारिवारिक विवाद शनिवार रात हिंसक झड़प में बदल गया। नरहरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम अमोड़ा छीतापारा में दो भाइयों के बीच हुए विवाद में छोटे भाई ने बड़े भाई पर घर में घुसकर गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। घटना के बाद पीड़ित ने थाना नरहरपुर पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई, जिस पर पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम अमोड़ा छीतापारा निवासी 24 वर्षीय गजेन्द्र चौहान पिता स्व. सुरेश चौहान बिजली विभाग में आउटसोर्स कर्मचारी हैं। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया कि शनिवार 25 जुलाई की रात लगभग 9 बजे वह अपने घर में भोजन कर रहे थे। इसी दौरान उनके मंझले भाई आकाश चौहान उनके घर पहुंचे और पैतृक मकान में हिस्सा देने की मांग करने लगे। शिकायतकर्ता का आरोप है कि जब उन्होंने तत्काल इस विषय पर चर्चा करने से मना करने पर मंझला भाई भड़क गए। उन्होंने कथित रूप से गाली-गलौज शुरू कर दी और गला दबाकर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद पास में रखी प्लास्टिक की कुर्सी तथा हाथ-मुक्कों से उनकी पिटाई कर दी। इस दौरान घर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पीड़ित के अनुसार शोर-शराबा सुनकर उनकी मां परमिला चौहान और पत्नी रीना चौहान बीच-बचाव के लिए पहुंचीं। दोनों के हस्तक्षेप के बाद आरोपी की पत्नी भावना चौहान भी मौके पर पहुंची और आकाश चौहान को अपने साथ घर ले गई। शिकायत में बताया गया है कि मारपीट के दौरान गजेन्द्र के बाएं हाथ में चोट आई, जिससे खून निकल आया, वहीं गले में भी दर्द की शिकायत है।

घटना के बाद शिकायतकर्ता ने थाना नरहरपुर में लिखित आवेदन देकर आरोपी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग ⏭ शेष पेज 12 पर

## 52 पुलिसकर्मियों का हुआ तबादला, पांच निरीक्षक व 2 एसआई बने थाना प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

कांकेर जिले में पुलिस व्यवस्था को और अधिक प्रभावी, जवाबदेह एवं चुस्त-दुरुस्त बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने बड़े पैमाने पर प्रशासनिक फेरबदल किया है। एसपी कार्यालय से जारी आदेश के तहत जिले के 52 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों का विभिन्न थानों, चौकियों और शाखाओं में अस्थायी स्थानांतरण किया गया है। इस बदलाव में कई महत्वपूर्ण थानों को नए प्रभारी भी मिले हैं।

पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा द्वारा जारी स्थानांतरण आदेश के अनुसार जिले में 5 निरीक्षक, 2 उप निरीक्षक, 1 सहायक उप निरीक्षक, 11 प्रधान आरक्षक तथा 33 आरक्षक एवं महिला आरक्षकों सहित बस्तर फाइटर्स के जवानों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। पुलिस प्रशासन का मानना है कि इस फेरबदल से कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने के साथ-साथ पुलिसिंग की गुणवत्ता में सुधार होगा। स्थानांतरण आदेश में सहायक उपनिरीक्षक सतीश कुमार जाधव सहित 11 प्रधान आरक्षकों टिकेश कुमार मरकाम थाना कोयलीबेड़ा से थाना कोरर, टिकेश्वर यादव थाना गोण्डाहूर से थाना अंतागढ़, जीवधन लाल यादव थाना कांकेर से थाना दुर्गुकोंदल, रविन्द्र कुमार भुआर्य थाना चारामा से थाना रावघाट, गंभीर पाण्डेय थाना




#### दिया गया थानों का प्रभार

आदेश के तहत निरीक्षक अंबर सिंह भारद्वाज को रक्षित केन्द्र कांकेर से थाना प्रभारी भानुप्रतापपुर, कोमल भूषण पटेल को चौकी हल्बा से थाना प्रभारी अंतागढ़, सुदर्शन सिंह ध्रुव को रक्षित केन्द्र से थाना प्रभारी आमाबेड़ा, मनीष नेताम को जीविशा शाखा कांकेर से दुधावा चौकी प्रभारी तथा योगेंद्र कुमार वर्मा को दुधावा चौकी से थाना प्रभारी सरोना की जिम्मेदारी सौंपी गई है, वहीं उप निरीक्षक सुरेन्द्र मानिकपुरी को थाना प्रभारी ताड़ोकी तथा आलोक सुबोध को थाना प्रभारी कोड़ेकुर्से बनाया गया है।

कोरर से थाना ताड़ोकी, रविन्द कुमार ठाकुर थाना पखांजूर से थाना लोहत्तर, युवराज ध्रुव थाना बड़गाँव से रक्षित केन्द्र कांकेर, गजेन्द्र गेण्डरे थाना दुर्गुकोंदल से थाना कोयलीबेड़ा, नोहरू राम नेताम थाना लोहत्तर से थाना चारामा, हीरालाल गोटा थाना कांकेर से थाना दुर्गुकोंदल, यशवंत कोरेटी रक्षित केन्द्र कांकेर से थाना रावघाट, महिला प्रधान आरक्षक ममता साहू चौकी दुधावा से थाना कांकेर, 33 आरक्षकों में हरेन्द्र सिंह थाना पखांजूर से थाना लोहत्तर, लोकेश्वर कश्यपचौकी दमकसा से थाना कोयलीबेड़ा, कुमेश कुमार थाना परतापुर से थाना बड़गाँव, निलेश विश्वकर्मा थाना दुर्गुकोंदल से रक्षित केन्द्र कांकेर, अरूण कुमार मण्डावी थाना कांकेर से थाना बान्दे, गजेन्द्र नागवंशी थाना कांकेर से थाना रावघाट, पूर्णानंद खरान्शु थाना नरहरपुर से थाना बड़गाँव, कमलेश मरकाम चौकी हल्बा से थाना गोण्डाहूर, दुवारू राम मंडावी थाना कोरर से थाना रावघाट, रविन्द्र नेताम थाना बड़गॉव से थाना पखांजूर, बिरेन्द्र कुमार शेष थाना अंतागढ़ से थाना कांकेर, मनोज टोप्पो थाना सिकसोड़ से थाना पखांजूर, दीपक ठाकुर थाना अजाक से थाना बड़गाँव, भारत लाल सिन्हा यातायात से यातायात पखांजूर, गेंदलाल खड़हा यातायात ⏭ शेष पेज 12 पर

अग्रसेन
प्रा. आई.टी.आई
ITI KANKER
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
गढ़ पिछवाड़ी रोड, कांकेर, (छ.ग.)
89595-93930 • 89595-44444

### जय जगन्नाथ के जयघोष से श्रद्धालु हुए उत्साहित

## गुंडिचा मंदिर से निकाली बहुड़ा यात्रा का भक्ति और उत्साह के साथ किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

रथयात्रा महापर्व के अंतर्गत नौ दिनों तक गुंडिचा मंदिर में विराजमान रहने के बाद भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा बहुड़ा यात्रा के माध्यम से पुनः अपने श्रीमंदिर (निज निवास) लौट आए। इस पावन अवसर पर श्रद्धालुओं में अपार उत्साह देखने को मिला। मंदिर परिसर और रथ मार्ग पर सुबह से ही हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। पूरे वातावरण में जय जगन्नाथ के जयघोष, भजन-कीर्तन और शंखध्वनि से भक्तिमय माहौल बना रहा।

- भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के साथ पहुँचे श्रीमंदिर



#### गुंडिचा प्रवास का हुआ समापन

भगवान जगन्नाथ के श्रीमंदिर पहुंचने के साथ ही नौ दिवसीय गुंडिचा प्रवास का समापन हो गया। श्रद्धालुओं ने भगवान से सुख, समृद्धि, शांति और लोककल्याण की कामना करते हुए दर्शन किए। धार्मिक आस्था और परंपरा से जुड़ा यह पावन पर्व एक बार फिर श्रद्धा, विश्वास और सामाजिक समरसता का संदेश देकर संपन्न हुआ।

धार्मिक मान्यता के अनुसार भगवान जगन्नाथ प्रत्येक वर्ष रथयात्रा के दौरान अपने मौसी घर, गुंडिचा मंदिर पधारते हैं और नौ दिनों तक वहीं भक्तों को दर्शन देते हैं। इसके बाद बहुड़ा यात्रा के माध्यम से वे पुनः अपने श्रीमंदिर लौटते हैं। इस यात्रा को भगवान के अपने भक्तों के बीच आने और पुनः अपने धाम लौटने का ⏭ शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### छात्रों को मिली नेतृत्व और जिम्मेदारी की नई पहचान



**सरोना।** नरहरपुर विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुरालठेमली में विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और लोकतांत्रिक मूल्यों के विकास के उद्देश्य से बाल कैबिनेट का गठन किया गया। प्राचार्य टीसी सिन्हा के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के लिए विद्यार्थियों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। रविकांत शोरी को शाला नायक तथा मनीषा शोरी को उप शाला नायक चुना गया। इसके अलावा क्रीड़ा, अनुशासन, सांस्कृतिक, स्वच्छता, बागवानी, जल, स्वास्थ्य, साइकिल, सचिव और कोषाध्यक्ष सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी नियुक्त किए गए। प्रत्येक कक्षा के लिए भी कक्षा नायक एवं उप कक्षा नायक का चयन किया गया। शिक्षकों ने कहा कि बाल कैबिनेट विद्यार्थियों में नेतृत्व, निर्णय क्षमता, टीम भावना और जिम्मेदारी का विकास करेगी तथा विद्यालय के अनुशासन, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सांस्कृतिक गतिविधियों को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष का 27 को आगमन, तैयारी को लेकर बैठक

**फरसगांव।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के 2026 सदस्यता अभियान के तहत 27 जुलाई को माकड़ी एवं फरसगांव मंडल में आयोजित कार्यक्रम तथा भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिया के प्रस्तावित आगमन को लेकर शुक्रवार को भाजपा कार्यालय फरसगांव में तैयारी बैठक संपन्न हुई। बैठक में भाजयुमो जिला अध्यक्ष सहित जिला एवं मंडल पदाधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान सदस्यता अभियान को सफल बनाने, प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत, कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियां तय करने तथा कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही बूथ स्तर तक अधिकाधिक युवाओं को संगठन से जोड़ने की रणनीति बनाई गई।

## पेज 11 के शेष...

### सिक्सलेन की सड़कों ...

इसके लिए तकनीकी उपाय अपनाए जा रहे हैं। अब लोगों की नजर इस बात पर रहेगी कि मरम्मत के बाद यह सड़क लंबे समय तक बिना किसी नई समस्या के टिकाऊ साबित होती है या नहीं। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो से शुरू हुई चर्चा के बाद सड़क की यह मरम्मत पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

### बंटवारा विवाद पर ...

की। शिकायत के आधार पर नरहरपुर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 115 (2), 296 एवं 351 (3) के तहत अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

### 52 पुलिसकर्मियों का ...

से यातायात भानुप्रतापपुर, लिलेश राम सिन्हा चौकी हल्बा से थाना बान्दे, खेमराज जैन रक्षित केन्द्र से सम्बद्ध पुअ कार्यालय कांकेर, अंजू कोर्राम रक्षित केन्द्र कांकेर से महिला सेल, जहुरा साहू थाना कांकेर से थाना पखांजूर, अंजली गोटा थाना कांकेर से थाना पखांजूर, दिनेश्वरी निषाद थाना चारामा से थाना रावघाट, सरस्वती गावड़े थाना चारामा से थाना पखांजूर, अन्नपूर्णा नेताम चौकी हल्बा से थाना बड़गाँव, ललिता ठाकुरथाना कोरर से थाना रावघाट, सुमित्रा गोटा थाना कोरर से थाना पखांजूर, पद्मा कुंजाम थाना कोरर से थाना लोहत्तर, अगसिया कोड़ोपी थाना पखांजूर से थाना कांकेर, अन्नपूर्णा नाग यातायात थाना से रावघाट, मंजीत कुमार जुर्री थाना कोड़ेकुर्से से यातायात शाखा कांकेर, दीपक कुमार नाग थाना कोरर से महिला सेल, गुलशन जैन रक्षित केन्द्र कांकेर से चौकी हल्बा, लिलिमा थाना दुर्गुकोंदल से थाना बड़गॉव में पदस्थापना की गई है।

### गुंडिचा मंदिर से ...

माना जाता है। बहुड़ा यात्रा के दौरान भगवान के रथों को खींचने के लिए श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह दिखाई दिया। भक्तों ने पूरे श्रद्धाभाव से रस्सियां खींचकर स्वयं को सौभाग्यशाली माना। जगह-जगह भगवान की आरती, पुष्पवर्षा और प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। महिलाओं, युवाओं और बच्चों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु यात्रा में शामिल हुए। यात्रा के सफल संचालन के लिए प्रशासन और मंदिर समिति की ओर से व्यापक व्यवस्थाएं की गई थीं। सुरक्षा, यातायात और साफ-सफाई के विशेष इंतजाम किए गए, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा।

# विद्यार्थियों को दी कानूनी जानकारी प्रथा आत्मविश्वास और सुरक्षा का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव खिलावन राम रिगरी के मार्गदर्शन एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव सुश्री गायत्री साय के नेतृत्व में शासकीय आत्मानंद उत्कृष्ट इंग्लिश / हिन्दी, माध्यम स्कुल लंजोड़ा, जिला-कोण्डागांव में वृहद विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यकम में प्रतिधारक अधिवक्ता सुरेन्द्र भट्ट, स्कूल के प्राचार्य संजय देवांगन व अन्य शिक्षकगण एवं अधिकार मित्र रंजन कुमार बैध, लोकेश कुमार यादव उपस्थित रहे।

शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके संवैधानिक अधिकारों एवं कर्तव्यों, निःशुल्क विधिक सहायता, महिला एवं बाल संरक्षण कानूनों, पॉक्सो अधिनियम, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, साइबर अपराधों से बचाव तथा अन्य महत्वपूर्ण विधिक प्रावधानों की जानकारी देकर उन्हें विधिक रूप से जागरूक एवं उत्तरदायी नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में सुरेन्द्र भट्ट ने विद्यार्थियों को बताया गया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आर्थिक एवं सामाजिक रूप से कमजोर वर्गों को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराता है। साथ ही उन्हें यह भी जानकारी दी गई कि किसी भी प्रकार के शोषण, हिंसा, बाल विवाह, बाल श्रम, साइबर ठगी, ऑनलाइन उत्पीड़न अथवा अन्य कानूनी समस्या की स्थिति से संबंधित विभागों एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से सहायता प्राप्त की जा सकती है। शिविर के दौरान पॉक्सो अधिनियम के महत्वपूर्ण प्रावधानों, बच्चों के अधिकारों, शिक्षा के अधिकार, महिला सम्मान, डिजिटल सुरक्षा तथा सोशल मीडिया के सुरक्षित एवं जिम्मेदारी उपयोग के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई।

## लंजोड़ा स्कूल में वृहद विधिक जागरुकता कार्यक्रम




### विद्यार्थियों के सवालों के दिए जवाब

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए विभिन्न विधिक विषयों पर प्रश्न पूछे, जिनका सरल एवं व्यवहारिक उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। अंत में विद्यालय परिवार ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का आभार व्यक्त करते हुए ऐसे जागरूकता शिविरों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं विधिक सशक्तिकरण की दिशा में अत्यंत उपयोगी बताया।

## शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीजापुर में विधिक जागरुकता शिविर

# विद्यार्थियों को पॉक्सो, साइबर अपराध और विधिक सहायता की दी निशुल्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव




जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीजापुर में वृहद विधिक जागरुकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विद्यार्थियों को उनके अधिकारों, कर्तव्यों एवं विभिन्न कानूनों की जानकारी देकर जागरूक किया गया। शिविर में अधिकार मित्र सुप्रिया शील ने विद्यार्थियों को पॉक्सो अधिनियम, साइबर अपराध से बचाव, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, महिला एवं बाल अधिकार, संविधान में प्रदत्त मौलिक अधिकार एवं कर्तव्य तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की निःशुल्क विधिक सहायता योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।

### विद्यार्थियों को जागरूक नागरिक बनने का संदेश

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया और उन्हें कानून का सम्मान करने, अनुशासित जीवन अपनाने तथा समाज में विधिक जागरुकता फैलाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती श्यामलता पदमाकर सहित शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## कन्या आश्रम धनोरा में लगा विधिक जागरूकता शिविर



कन्या आश्रम धनोरा में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में छात्रओं के लिए विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर का उद्देश्य बालिकाओं को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक कर उन्हें सुरक्षित और सशक्त बनाना था। पॉक्सो अधिनियम और 'गुड टच–बैड टच' पर जागरूक किया गया। शिविर में पुलिस अधिकारियों और अधिकार मित्र ने छात्राओं को पॉक्सो अधिनियम, बाल संरक्षण कानून, 'गुड टच–बैड टच' की पहचान तथा किसी भी अनुचित व्यवहार की स्थिति में बिना डर शिकायत करने की जानकारी दी। साथ ही चाइल्ड हेल्पलाइन और अन्य सहायता सेवाओं की जानकारी भी साझा की गई। साइबर सुरक्षा और कानूनी सहायता पर भी मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, साइबर अपराध से बचाव तथा किसी भी प्रकार के शोषण या उत्पीड़न की स्थिति में कानूनी सहायता लेने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर में एसआई प्रदीप साहू, आश्रम अधीक्षिका राधिका नाग, अधिकार मित्र चमेली यादव सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कृषि स्थाई समिति की बैठक में किसानों के मुद्दों पर विस्तृत चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

क्षेत्र में कृषि व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और किसानों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से 23 जुलाई को भानुप्रतापपुर में कृषि स्थाई समिति की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान क्षेत्र में कृषि और ग्रामीण विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील मुद्दों पर बिंदुवार समीक्षा की गई। उपसंचालक जितेंद्र कुमार कोमरा ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि क्षेत्र के किसानों को खाद-बीज की समय पर निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि फसल प्रबंधन में किसी प्रकार की रुकावट न आए। सभापति दीपांकर राय ने योजनाओं के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन पर बल देते हुए कहा कि अंतिम छोर के किसान तक शासकीय योजनाओं का सीधा लाभ पहुँचना बेहद ज़रूरी है। बैठक में मौजूद जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने स्थानीय समस्याओं जैसे सिंचाई सुविधाओं का विस्तार, बिजली आपूर्ति की सुचारू व्यवस्था, जल संरक्षण संरचनाओं के रखरखाव और मंडियों में सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण पर गंभीर चर्चा की। अंत में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सभी 15 विभागों के मैदानी अधिकारी आपस में समन्वय बनाकर गांवों का सतत दौरा करेंगे और किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों से जोड़कर भानुप्रतापपुर की कृषि व्यवस्था को और अधिक सुचारू बनाएंगे। बैठक में कृषि समिति के सभापति दीपांकर राय, जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र टेकाम, तेजस्वी सिन्हा, गुप्ते हुसेंडी, सुनीता मंडल, सरपंच चैत्रीबाई तथा प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के प्रचार-प्रसार मंत्री नरोत्तम सिंह चौहान उपस्थित रहे। इसके साथ ही प्रशासनिक स्तर पर उपसंचालक कृषि कांकेर जितेंद्र कुमार कोमरा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रदीप कुमार पटेल, कनिष्ठ अभियंता मेटोनी कुजूर, अनुविभागीय अधिकारी वीरेंद्र कुमार कुड़ोपी, मुकेश कुमार, एसएस कंवर, जीएस राणा, छगनलाल विश्वास, डॉ. नरेंद्र सहित लगभग 15 विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय पर्वों पर सम्मानित होंगे स्वतंत्रता सेनानियों के परिजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा



भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक सावित्री मनोज मंडावी द्वारा विधानसभा में उठाए गए प्रश्न का असर अब प्रशासनिक स्तर पर दिखाई देने लगा है। विधायक ने विधानसभा के अतारांकित प्रश्न क्रमांक 1902 के माध्यम से प्रदेश के मान्यता प्राप्त स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं उनके परिजनों को राष्ट्रीय पर्वों पर सम्मानित किए जाने की व्यवस्था को लेकर जानकारी मांगी थी। इसके बाद सामान्य प्रशासन विभाग ने स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन संबंधी दिशा-निर्देश जारी करते हुए सभी जिला कलेक्टरों को स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों तथा उनके परिजनों को जिला स्तरीय समारोह में सम्मानपूर्वक आमंत्रित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर कार्यालय द्वारा विधानसभा में प्रस्तुत जानकारी के अनुसार जिले में पांच मान्यता प्राप्त स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रहे हैं। शासन के 17 जुलाई के निर्देशों में जिला कलेक्टरों को स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के साथ नक्सली हिंसा में शहीद जवानों के परिजनों को भी जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में सम्मानपूर्वक आमंत्रित करने को कहा गया है। इसके अलावा 15 अगस्त के आयोजन को लेकर सभी शासकीय एवं ऐतिहासिक भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने, विद्यालयों में सांस्कृतिक एवं राष्ट्रभक्ति कार्यक्रम आयोजित करने, सरकारी भवनों पर रोशनी करने तथा राष्ट्रीय एकता से जुड़े कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश भी जारी किए गए हैं। लोक शिक्षण संचालनालय ने भी इन निर्देशों के पालन के लिए सभी संयुक्त संचालकों एवं जिला शिक्षा अधिकारियों को आवश्यक आदेश जारी कर दिए हैं।

# फरसगांव के 16 खिलाड़ी राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता के लिए जशपुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव




जशपुर में 26 से 29 जुलाई तक आयोजित राज्य स्तरीय शालेय हॉकी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए शासकीय मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल फरसगांव के 16 खिलाड़ियों का चयन बस्तर संभाग की 17 वर्ष आयु वर्ग हॉकी टीम में हुआ है। चयनित खिलाड़ी शुक्रवार को अपने कोच श्रीमती जागृति पटेल के नेतृत्व में जगदलपुर से बस द्वारा जशपुर के लिए रवाना हुए। संयुक्त संचालक शिक्षासंभाग बस्तर द्वारा जारी आदेश के अनुसार चयनित खिलाड़ियों में गंगा मुचाकी, सेवक राम नेताम, निलेश मंडावी, पुष्पेंद्र कुमार नेताम, आकाश नेताम, आशीष मरकाम, कृष्णा बारसे, राहुल मंडावी, नीमप्रकाश मरकाम, खेम सिंह कोर्राम, प्रेमलाल नेताम, तेजेश्वर नेताम, युग बारसे, शुभांशु शोरी, अरुण कुमार नेताम एवं चिन्मय नेताम शामिल हैं। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए एक साथ 16 खिलाड़ियों के चयन को विद्यालय की बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। खिलाड़ियों के रवाना होने के दौरान विद्यालय परिवार, अभिभावकों एवं खेल प्रेमियों ने टीम को शुभकामनाएं देते हुए प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना की।

# सशिमं दुर्गूकोंदल में शिशु एवं बाल भारती गठित, ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल



सरस्वती शिशु मंदिर दुर्गूकोंदल में शनिवार को शिशु भारती एवं बाल भारती का गठन उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के नवदायित्ववान भैया-बहनों ने शपथ ग्रहण कर विद्यालय की विभिन्न जिम्मेदारियों का कार्यभार संभाला। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, सेवा भावना तथा उत्तरदायित्व के संस्कार विकसित करना रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना एवं विद्यालय की प्रार्थना से हुई। इसके बाद प्रधानाचार्य रामलाल साहू ने सभी चयनित विद्यार्थियों को अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का बोध कराते हुए निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य करने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि विद्यालय की व्यवस्था केवल शिक्षकों की नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी से भी सुदृढ़ होती है। दायित्व मिलने से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और सेवा भाव का विकास होता है।

इस दौरान अध्यक्ष एवं अनुशासन प्रमुख तुषार नेताम, उपाध्यक्ष ख्वाईश कल्लो, सेनापति प्रतापदेव तारम, सचिव कुशल कुमार जैन, सह सचिव वरुण नरेटी, कोषाध्यक्ष नीलम मौहान, प्रार्थना प्रमुख दुर्गावती पददा, जल प्रमुख कुमकुम नरेटी, घंटी प्रमुख सिद्धार्थ, स्वच्छता प्रमुख भौमी गोटा, बागवानी प्रमुख डिगेश्वरी दर्रो, खेल प्रमुख केतन उईके, योग एवं शारीरिक प्रमुख नीरज ध्रुव एवं त्रिलोचन नरेटी, बालसभा प्रमुख शुभम, गीत प्रमुख पीहू नरेटी, खोया-पाया प्रमुख रघुवीर नरेटी सहित विभिन्न विभागों के प्रमुख एवं सहायक विद्यार्थियों को उनके दायित्व सौंपे गए। प्रधानाचार्य ने सभी दायित्ववान विद्यार्थियों से विद्यालय की गरिमा बनाए रखते हुए अनुशासन, स्वच्छता, समयपालन, पर्यावरण संरक्षण और सहयोग की भावना के साथ कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के आचार्य एवं दीदीगण तामेश्वर प्रसाद तिवारी, सुप्रिया देवनाथ, फगनी दुग्गे, कुमारी हेमलता ध्रुव, सनिता कोमरे, सुखराम मंडावी, ललेश्वरी सहारे, भोज साहू, हरीश कुमार उईके तथा कुमारी अंकिता आचला सहित समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# नौनिहालों के लिए किशनपुरी में नवनिर्मित आंबा भवन लोकार्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उमरादाह

विकासखंड नरहरपुर के ग्राम पंचायत किशनपुरी में नवनिर्मित आंगनबाड़ी भवन का लोकार्पण जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में हुआ। अतिथियों ने इसे ग्रामीण क्षेत्र के नौनिहालों के बेहतर स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और सर्वांगीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताते हुए आंगनबाड़ी केंद्रों को शासन की योजनाओं का प्रभावी माध्यम बनाने पर जोर दिया। लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर ने कहा कि आंगनबाड़ी भवन केवल एक भवन नहीं, बल्कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है। यहां बच्चों को बेहतर पोषण, स्वास्थ्य सेवाएं, प्रारंभिक शिक्षा और



■ बच्चों के सर्वांगीण विकास का खुलेगा नया द्वार

सुरक्षित वातावरण उपलब्ध होगा, जिससे उनके मानसिक, शारीरिक एवं बौद्धिक विकास को नई गति मिलेगी। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और ग्राम पंचायत को निर्देशित किया कि बच्चों के पोषण, टीकाकरण, मातृ-शिशु स्वास्थ्य तथा प्रारंभिक शिक्षा से जुड़ी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित करें।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत सचिव संजय कलिहारी, उपसरपंच भुवन पददा, वार्ड पंच रिखी जैन, बद्रीका कोर्राम, तितरा कोर्राम, प्रफुल पददा, लक्ष्मी कुंजाम, समर बत्ती शोरी, लक्ष्मी शोरी, दुलारी नेताम, वरिष्ठ ग्रामीण गंगाराम नेताम, शंकर लोन्हारे, सियाराम पटेल, कोमल नेवला, मनीराम पटेल, पूर्व सरपंच सत्यवती नेताम, प्रमिला पददा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिलाएं और बच्चे मौजूद रहे।

# पालक संघ एवं बाल कैबिनेट का गठन, पदाधिकारियों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बासनवाही



कर्मा विद्या मंदिर मुसूरपुट्टा में शनिवार को विद्यालय परिसर में पालक संघ की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से पालक संघ के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चुनाव संपन्न हुआ। अध्यक्ष पद पर टीकम चंद्रवंशी तथा उपाध्यक्ष पद पर विष्णुराम सरोज को निर्वाचित किया गया।

बैठक के दौरान विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन एवं जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के उद्देश्य से विद्यालय में बाल कैबिनेट का भी गठन किया गया। बाल कैबिनेट में शाला नायक के रूप में निशा साहू तथा उपशाला नायक के रूप में लिपिक देवी साहू का चयन किया गया। इसके अलावा अनुशासन मंत्री गोपिका साहू, उप अनुशासन मंत्री जिज्ञासु साहू, स्वास्थ्य मंत्री कौशिक कुमार साहू, उप स्वास्थ्य मंत्री नेवीन नागेश, क्रीड़ा मंत्री भूपेश यादव, उप क्रीड़ा मंत्री निखिल पोटाई, स्वच्छता मंत्री नव्या साहू, उप स्वच्छता मंत्री रूपाली साहू, बागवानी मंत्री डिंपल, उप बागवानी मंत्री निकिता कोमा, खोया-पाया मंत्री कृष साहू, उप मंत्री लक्ष्य साहू, सांस्कृतिक मंत्री चुनेश्वरी साहू तथा उप सांस्कृतिक मंत्री लिसा साहू को दायित्व सौंपा गया। विभिन्न विभागों के लिए क्रमशः विजय चनाव, लतेश्वरी साहू, रवीना अरकारा, देविका कोर्राम, कामिनी नाग, सुनीता यादव, गुलेश्वरी नेताम एवं सावित्री नेताम को प्रभारी शिक्षक नियुक्त किया गया।

विद्यालय में विभिन्न कक्षाओं के कक्षा नायकों का भी चयन किया गया। केजी-1 से लालिमा सरोज, केजी-2 से लव्या वट्टी, कक्षा पहली से देवांशु साहू एवं निहारिका साहू, दूसरी से यतेंद्र पटेल, तीसरी से राजन साहू एवं जानवी साहू, चौथी से चंचल साहू एवं प्रियंका मरकाम, पाँचवीं से हिमांशु चंद्रवंशी, छठवीं से माधुरी यादव एवं टीनू साहू, सातवीं से लिसा साहू तथा आठवीं से नेवीन नागेश को कक्षा नायक चुना गया। साथ ही सभी पदाधिकारियों को अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक एवं ईमानदारी से निर्वहन करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के सभी पालक, शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### विपक्ष छात्रों के मुद्दे पर राजनीति कर रहा



**गीदम।** भाजपा नेता राजेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि देश की सर्वोच्च लोकतांत्रिक संस्था संसद है। यहीं देशहित के महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होती है, सरकार से जवाब मांगा जाता है और जवाबदेही तय की जाती है। वर्तमान में संसद का मानसून सत्र चल रहा है और सरकार छात्रों सहित हर जनहित के मुद्दे पर चर्चा के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि जब सरकार सदन में हर विषय पर चर्चा के लिए तैयार है, तो विपक्ष द्वारा संसद का मंच छोड़कर सड़कों पर प्रदर्शन करने की क्या आवश्यकता है, यदि विपक्ष वास्तव में छात्रों के हितों के प्रति गंभीर होता, तो वह संसद में सरकार से सवाल पूछता, बहस करता और समाधान प्रस्तुत करता। लेकिन दुर्भाग्य से विपक्ष छात्रों के भविष्य को मुद्दा नहीं, बल्कि राजनीति का माध्यम बना रहा है।

### विपक्ष का मकसद भ्रम और अराजकता फैलाना



**बीजापुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष घासीराम नाग ने नीट पेपर लीक मामले में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा की गई ऐतिहासिक एवं कड़े कदमों की घोषणा तथा अस्पताल में भर्ती सोनम वांगचुक द्वारा अनशन समाप्त किए जाने के बाद कांग्रेस सहित इण्डी गठबंधन के घटक दलों पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि इन घटनाक्रमों ने विपक्ष के असली राजनीतिक चरित्र और उनके भारत विरोधी एजेंडे की पूरी तरह पोल खोल दी है। भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री ने युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए त्वरित और अभूतपूर्व कदम उठाने की घोषणा की है। उनके नेतृत्व में केन्द्र सरकार द्वारा न केवल त्वरित सुनवाई के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट के गठन के निर्देश दिए हैं, बल्कि दोषियों को 5 से 10 साल की कड़ी सजा, कठोर जमानत शर्तों और दोषी पाए जाने पर संबंधित कोचिंग संस्थानों को बंद करने जैसे कठोर प्रावधानों वाले कानून का मसौदा तैयार करवाया जा रहा है।

### सुकमा बस स्टैंड में ऑटो चालकों की मनमानी

# कार्रवाई के अभाव में बस स्टैंड बना ऑटो स्टैंड





हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

जिला मुख्यालय स्थित कथित अंतरराज्यीय बस स्टैंड में ऑटो रिक्शा चालकों की मनमानी और यातायात पुलिस की निष्क्रियता के चलते यात्रियों को प्रतिदिन भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बस स्टैंड के मुख्य प्रवेश और निकास मार्ग पर ऑटो रिक्शा आड़े-तिरछे खड़े कर सवारियां भरने के कारण सुबह से लेकर शाम तक जाम की स्थिति बनी रहती है। इसका सबसे अधिक असर बसों के संचालन और यात्रियों की आवाजाही पर पड़ रहा है।

**■ पुलिस की निष्क्रियता से रोज लग रहा जाम**

बस स्टैंड परिसर में ऑटो स्टैंड बनाए जाने के बावजूद अधिकांश चालक निर्धारित स्थान का उपयोग नहीं करते। बसों के आने-जाने वाले मार्ग पर ही ऑटो खड़े कर सवारियां बैठाई जाती हैं, जिससे बसों को प्रवेश और निकास में कठिनाई होती है। कई बार बस चालकों को लंबी देर तक इंतजार करना पड़ता है, वहीं यात्रियों को भी बस तक पहुंचने में धक्का-मुक्की और अव्यवस्था का सामना करना पड़ता है।

**यात्रियों को अधिक परेशानी**

बस स्टैंड से यात्रा करने वाली महिलाओं और बुजुर्गों का कहना है कि भीड़ और जाम के कारण उन्हें काफी दिक्कत होती है। बस पकड़ने के लिए रास्ता तक नहीं मिल पाता और ऑटो चालकों के बीच सवारियां बैठाने की होड़ से हालात और खराब हो जाते हैं। कई बार बच्चों और बुजुर्गों के गिरने तक की नौबत आ जाती है।

**पुलिस की उपस्थिति केवल औपचारिकता**

स्थानीय लोगों का आरोप है कि यातायात व कोतवाली पुलिस समय-समय पर बस स्टैंड पहुंचकर कुछ देर के लिए चहलकदमी तो करती है, लेकिन अव्यवस्थित बस स्टैंड को लेकर कोई कार्रवाई नहीं होती। सुबह से लेकर शाम को ऑटो चालक बसों के मार्ग पर वाहन खड़े कर देते हैं। इससे स्पष्ट है कि यातायात नियमों का पालन कराने में सख्ती का अभाव है।

**स्थायी समाधान की मांग**

शहरवासियों और यात्रियों ने जिला प्रशासन तथा पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि बस स्टैंड परिसर में ऑटो चालकों के लिए निर्धारित स्टैंड का सख्ती से पालन कराया जाए। नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों पर नियमित चालानी कार्रवाई की जाए तथा बस स्टैंड पर स्थायी यातायात व्यवस्था लागू की जाए, ताकि यात्रियों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।

**टैक्सी युनियन के साथ होगी बैठक**



जिला मुख्यालय के बस स्टैंड में बढ़ते अव्यवस्थित यातायात को लेकर एएसपी मनोज तिर्की ने चिंता जाहिर करते हुए कहा कि जल्द ही इसे लेकर यातायात विभाग और टैक्सी युनियन की बैठक आहुत की जावेगी साथ ही बस स्टैंड व्यवस्थित हो सके।

**दुर्घटना की रहती आशंका**

बस स्टैंड पर हर समय यात्रियों की भीड़ रहती है। ऐसे में ऑटो रिक्शा का अव्यवस्थित संचालन कभी भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है। लंबी दुरी के लिए चलने वाली बसों की लंबाई ज्यादा होने के कारण बसों के मुड़ने और निकलने में लगातार बाधा उत्पन्न होने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

**रिक्त स्थान पर मिले अनुमति**

सुकमा बस स्टैंड से मुख्य रूप से गादीरास, छिंदगढ़, केरलापाल, कुम्हाररास जाने वाली ऑटो बहुतायात संख्या में रहती है। गौरतलब है कि बस स्टैंड के पीछे काफी रिक्त स्थान है और अगर दो दो टैक्सी को बस स्टैंड में खडे होने की अनुमति देते हुए बाकी को वेटिंग में रखे जाने से व्यवस्था दुरूस्त हो जाऐगी।

**मुख्य बिंदु**

- बस स्टैंड के प्रवेश और निकास मार्ग पर ऑटो चालकों का कब्जा
- निर्धारित ऑटो स्टैंड होने के बावजूद नियमों की अनदेखी
- यात्रियों, विशेषकर महिलाओं और बुजुर्गों को रोजाना परेशानी
- यातायात पुलिस की कार्रवाई अस्थायी, स्थिति फिर जस की तस
- प्रशासन से नियमित निगरानी और सख्त कार्रवाई की मांग

## एल्डरमैनों ने ली पद व गोपनीयता की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ किरंदुल



नगर पालिका परिषद किरंदुल के सभा कक्ष में शुक्रवार को राज्य शासन द्वारा मनोनीत एल्डरमैनों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। समारोह में नव-नियुक्त एल्डरमैनों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ लेकर अपने दायित्वों का निर्वहन शुरू किया।

अनुविभागीय दंडाधिकारी ने राज्य शासन द्वारा मनोनीत एल्डरमैन संजीव दास, शेख नजमुल हक, पी. श्रीनु, जोशना सवाई और सुनीता साहू को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

शपथ ग्रहण के बाद एल्डरमैन संजीव दास ने राज्य शासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि नगर के 18 वार्डों में विकास, जनहित के कार्यों और नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए वे हमेशा सक्रिय रहेंगे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दन्तेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता तथा अध्यक्षता नगर पालिका परिषद किरंदुल की अध्यक्ष रूबी शैलेंद्र सिंह ने की, नगर पालिका उपाध्यक्ष बबलू सिद्दीकी भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय सोढ़ी सहित पार्षदगण बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। समापन में मुख्य नगरपालिका अधिकारी शशि भूषण महापात्र ने सभी अतिथियों और उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया।

## ढाई वर्षों की यादगार सेवा को मिला सम्मान

# पुलिस अधीक्षक को जिला प्रशासन ने दी विदाई

### कलेक्टर ने कहा बीजापुर के स्वर्णिम बदलाव में डॉ. यादव की भूमिका रहेगी स्मरणीय

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर



जिले में लगभग ढाई वर्षों के सफल, समर्पित एवं उल्लेखनीय कार्यकाल के उपरांत कबीरधाम जिले के पुलिस अधीक्षक के रूप में स्थानांतरित हुए पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव को जिला प्रशासन ने जिला कार्यालय में विदाई दी।

समारोह में कलेक्टर विश्वदीप सहित जिला प्रशासन, वन विभाग एवं विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने डॉ. यादव के उत्कृष्ट योगदान को याद करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य, कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि बीजापुर जैसे लंबे समय तक माओवादी गतिविधियों से प्रभावित जिले में डॉ. जितेन्द्र यादव का कार्यकाल ऐतिहासिक और प्रेरणादायी रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले ढाई वर्षों में पुलिस, प्रशासन एवं सुरक्षा बलों के उत्कृष्ट समन्वय से जिले ने विकास, सुरक्षा और शांति की दिशा में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल कीं। उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व में संचालित सफल अभियानों, सुदृढ़ कानून व्यवस्था तथा जनविश्वास को मजबूत करने वाले प्रयासों ने बीजापुर को नई पहचान दिलाई है। उनका यह कार्यकाल जिले के लिए एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में सदैव स्मरणीय रहेगा। कलेक्टर ने कहा कि उन्होंने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में धैर्य, संवेदनशीलता, दूरदर्शिता और दृढ़ नेतृत्व का परिचय देते हुए प्रशासन एवं पुलिस के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया। उनके नेतृत्व में न केवल सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हुई, बल्कि आम नागरिकों में विश्वास का वातावरण भी विकसित हुआ।

उन्होंने कबीरधाम जिले में नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य और सुखमय जीवन की कामना की। समारोह में इन्द्रावती टाइगर रिजर्व के उप संचालक संदीप बलगा, डीएफओ डॉ. जाधव सागर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नम्रता चौबे, आईपीएस रविन्द्र मीणा एवं आईपीएस अमन कुमार झा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। सभी अधिकारियों ने डॉ. यादव के साथ कार्य करने के अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि उनका नेतृत्व सदैव प्रेरणादायी, सहयोगपूर्ण और टीम भावना को प्रोत्साहित करने वाला रहा। उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी डॉ. यादव ने शांतचित्त होकर निर्णय लिए और सभी विभागों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर प्रशासनिक कार्यों को नई दिशा दी।

अपने विदाई उद्बोधन में डॉ. जितेन्द्र यादव भावुक नजर आए। उन्होंने कहा कि बीजापुर में बिताया गया समय उनके जीवन का अत्यंत महत्वपूर्ण और अविस्मरणीय अध्याय रहेगा।

## सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध को लेकर कार्रवाई



**दंतेवाड़ा।** नगर पालिका परिषद दंतेवाड़ा ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु समस्त व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं परिसर संचालकों को नियमों एवं प्रावधानों की जानकारी प्रदान की। नगर पालिका क्षेत्र में प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के निर्माण, आयात, भंडारण, वितरण, विक्रय एवं उपयोग पर प्रभावी रोक लगाने हेतु निरीक्षण अभियान चलाया गया। इसके अलावा साथ ही जन शिकायतों के समयबद्ध निराकरण एवं स्वच्छता संबंधी नियमों के पालन के लिए व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मुख्य नगर पालिका अधिकारी अरुण कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार नगर पालिका क्षेत्र में विशेष निरीक्षण अभियान के दौरान 33 व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से 6,020 का जुर्माना, शुल्क वसूल किया गया।

## बच्चों ने मनाई डॉ. खूबचंद बघेल की जयंती

**लोहंडीगुड़ा।** पीएम श्री शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय (सेजेस) लोहंडीगुड़ा में शनिवार को बैगलेस डे गतिविधि में डॉ. खूबचंद बघेल जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने डॉ. खूबचंद बघेल के जीवन, व्यक्तित्व एवं समाज के प्रति उनके अमूल्य योगदान को दर्शाते हुए आकर्षक चित्र एवं पोस्टर तैयार किए। विद्यार्थियों ने उनके विचारों, शिक्षा, समाज सेवा तथा छत्तीसगढ़ के विकास में उनके योगदान पर प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर समाज एवं राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करने का संकल्प भी लिया। विद्यालय के प्राचार्य अशोक खापर्डे ने विद्यार्थियों को कहा कि उनका जीवन हमें सेवा, समर्पण और जनकल्याण की भावना से कार्य करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने विद्यार्थियों को उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संदेश दिया। यह आयोजन शनिवार की बैगलेस डे गतिविधि के अंतर्गत किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा एवं वक्तृत्व कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

# स्पर्धा में खिलाड़ियों ने दिखाया दम



हरिभूमि न्यूज ⏭ बचेली

एनएमडीसी के नैगम सामाजिक उत्तरदायित्व सीएसआर के तहत आयोजित बैलाडीला कबड्डी लीग सीजन-1 के तीसरे दिन किरंदुल फुटबॉल मैदान एवं बचेली हॉकी मैदान में खेले गए लीग मुकाबलों में ग्रामीण खिलाड़ियों ने शानदार खेल कौशल और जुझारूपन का परिचय दिया। प्रतियोगिता के रोमांचक मुकाबलों को देखने के लिए बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण एवं खेल प्रेमी भी मैदान पहुंचे और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

किरंदुल के मुकाबलों में पूल-ए से ग्राम पंचायत कलेपाल तथा पूल-बी से ग्राम पंचायत हिरोली की टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वहीं, बचेली से ग्राम पंचायत दुगेली एवं ग्राम पंचायत गामावाड़ा की टीमें भी सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाने में सफल रहीं। प्रतियोगिता के सेमीफाइनल एवं फाइनल मुकाबले रविवार को एनएमडीसी टाउनशिप, बचेली के हॉकी मैदान में खेले जाएंगे। चारों टीमें खिताब जीतने के लिए आमने-सामने होंगी, जिससे रोमांचक मुकाबलों की उम्मीद है। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर 26 जुलाई शाम लगभग 5 बजे पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर एनएमडीसी के वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधि, संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंच, परियोजना के अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहेंगे। विजेता एवं उपविजेता टीमों के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को एनएमडीसी प्रबंधन द्वारा ट्रॉफी व नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।

# जेल में बंद आदिवासियों पर सरकार दिखाए संवेदनशीलता : मंडावी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

## हरीश ने कहा रिहाई की दिशा में शीघ्र कदम उठाए सरकार





प्रदेश की सरकार नक्सलवाद समाप्त करने की नीति के तहत बड़े नक्सलियों को मुख्यधारा में वापस लाने का प्रयास कर सकती है, तो जेलों में बंद आदिवासियों के मामलों की भी गंभीरता से समीक्षा की जानी चाहिए। उक्त बातें सुकमा जिला मुख्यालय में आयोजित प्रदर्शन के दौरान बीजापुर विधायक विक्रम मंडावी ने कही। जिले में नक्सल प्रकरणों में वर्षों से जेल में बंद आदिवासियों की रिहाई की मांग को लेकर शुक्रवार को कांग्रेस ने जिला मुख्यालय के बस स्टैंड परिसर में प्रदर्शन किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरीश कवासी के नेतृत्व में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे बड़ी संख्या में आदिवासी और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए निर्दोष आदिवासियों की रिहाई की मांग उठाई।

***नक्सल मामलों की हो निष्पक्ष समीक्षा:*** प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश में नक्सलवाद समाप्त होने और कई बड़े नक्सलियों के आत्मसमर्पण के बाद भी ऐसे आदिवासी, जो वर्षों से विभिन्न नक्सल मामलों में जेल में बंद हैं, आज भी न्याय की प्रतीक्षा कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से इन मामलों की निष्पक्ष समीक्षा कर निर्दोष आदिवासियों को शीघ्र रिहा करने की मांग की।

**संवेदनशीलता दिखाए सरकार**

आंदोलन को समर्थन देने पहुंचे बीजापुर विधायक विक्रम मंडावी ने भी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यदि सरकार नक्सलवाद समाप्त करने की नीति के तहत बड़े नक्सलियों को मुख्यधारा में वापस लाने का प्रयास कर सकती है, तो जेलों में बंद आदिवासियों के मामलों की भी गंभीरता से समीक्षा की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि अनेक परिवार आर्थिक रूप से बेहद कमजोर हैं और वर्षों से न्यायिक लड़ाई लड़ने या वकीलों की फीस वहन करने में सक्षम नहीं हैं। उन्होने मांग की है कि नक्सल प्रकरणों में जेल में बंद आदिवासियों के मामलों की विशेष समिति बनाकर निष्पक्ष जांच कराई जाए और जो निर्दोष हैं, उन्हें जल्द रिहा किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार को इस मुद्दे पर संवेदनशीलता दिखानी चाहिए, अन्यथा कांग्रेस जनता के साथ मिलकर आंदोलन को और व्यापक रूप देगी।

**नाम परिवर्तन की सूचना**

मैं फिरदोस बानो पति- रफीक खान, जाति- मुस्लिम, निवासी- संबलपुर, तहसील- भानुप्रतापपुर, जिला- उ.ब. कांकेर(छ.ग.) ने अपने नाबालिग पुत्री का नाम (महजेबी बानो परवीन MAHJEBI BANO PARVEEN) (पुराना नाम) से बदलकर (महेजबी बानो MAHEJABI BANO) (नया नाम) रख लिया है।
दिनांक- 25/07/2026

फिरदोस बानो
आवेदिका

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH) नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद) मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व), एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मेटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाइड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी नेत्र रोग विशेषज्ञ फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# किसानों को मिली बड़ी सौगात, दस बैटरी ऑपरेटेड स्प्रेयर यंत्र वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीक को बढ़ावा देने और किसानों को उन्नत कृषि उपकरण उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए शनिवार को विकासखंड दुर्गूकोंदल में जिला खनिज न्यास निधि के माध्यम से पंजीकृत किसानों को 10 बैटरी ऑपरेटेड कृषि स्प्रेयर वितरित किए गए। ग्रामसेवक द्वारा आयोजित इस वितरण कार्यक्रम में क्षेत्र के किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा, मंडल दुर्गुकोंदल के अध्यक्ष सतीश जैन उपस्थित रहे। उन्होंने किसानों से संवाद करते हुए कहा कि कृषि में आधुनिक उपकरणों का उपयोग समय की आवश्यकता है। बैटरी ऑपरेटेड स्प्रेयर से कीटनाशक एवं पोषक तत्वों का छिड़काव अधिक प्रभावी ढंग से किया जा सकता है, जिससे किसानों का समय और श्रम दोनों की बचत होगी तथा खेती की लागत कम करने में भी सहायता मिलेगी। इस अवसर पर किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों, संतुलित उर्वरक उपयोग, फसल संरक्षण, आधुनिक कृषि यंत्रों के महत्व तथा वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई।

उपस्थित किसानों को बताया गया कि आधुनिक कृषि उपकरणों के उपयोग से फसलों की गुणवत्ता एवं उत्पादकता में वृद्धि संभव है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और किसानों की आय बढ़ाने के सरकार के लक्ष्य को भी बल मिलेगा। किसानों ने जिला खनिज न्यास निधि के माध्यम से उपलब्ध कराए गए बैटरी ऑपरेटेड स्प्रेयर को खेती के लिए उपयोगी बताते हुए शासन एवं प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कृषि यंत्र छोटे एवं मध्यम किसानों के लिए विशेष रूप से लाभकारी सिद्ध होंगे और खेती को अधिक सुविधाजनक बनाएंगे। कार्यक्रम के दौरान किसानों ने कृषि से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और आवश्यकताओं पर भी चर्चा की तथा भविष्य में सिंचाई, कृषि यंत्रीकरण और अन्य योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक किसानों तक पहुंचाने की मांग रखी।

### उन्नत खेती पर संवाद में आधुनिक उपकरणों के उपयोग पर जोर



### सरकार किसानों के हित में लगातार कार्य कर रही

मंडल अध्यक्ष ने कहा कि सरकार किसानों के हित में लगातार कार्य कर रही है और विभिन्न योजनाओं के माध्यम से कृषि को आधुनिक एवं लाभकारी बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने किसानों से शासन की योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने तथा आधुनिक तकनीकों को अपनाकर आत्मनिर्भर खेती की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया। यह वितरण कार्यक्रम किसानों के लिए उपयोगी साबित हुआ तथा उपस्थित किसानों ने इसे कृषि विकास और आधुनिक खेती को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय पहल बताया।

## खबर संक्षेप

### शाला परिसर में हुआ पौधारोपण



**कांकेर।** कोरर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में एनएसएस एवं एनसीसी इकाई के संयुक्त तत्वावधान में वृक्षारोपण अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डेविड गिलहरे और एनसीसी अधिकारी दुष्यंत सोनकर के नेतृत्व तथा प्राचार्य शिवराज टांडिया के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और स्वयंसेवकों ने 100 से अधिक पौधे लगाए। इस अवसर पर जनकराम, राजेन्द्र, नितिन, विजय, लिप्सा, कंचनलता, भारती, हुमा, यामिनी, तनुजा, मोनिका, उषा, तोमेश्वरी सहित समस्त विद्यालय स्टाफ एवं स्वयंसेवकों ने वृक्षारोपण कर प्रकृति संरक्षण का संकल्प लिया।

### शराब की अवैध बिक्री युवक गिरफ्तार



**कांकेर।** थाना कांकेर पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ग्राम बागोडार निवासी 43 वर्षीय दिनेश कुमार कवाची को गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर गौरा चौक के पास दबिश देकर पुलिस ने आरोपी को पकड़ा। तलाशी में उसके पास से जम्मू स्पेशल व्हीस्की ब्रांड की 50 पौवा अंग्रेजी शराब (9 लीटर) और बिक्री के 200 रुपये नकद बरामद किए गए। पुलिस को देखकर शराब खरीदने आए लोग मौके से फरार हो गए। आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

### पेट्रोल पंप परिसरों में सीसीटीवी कैमरे लगाएं : एडिशनल एसपी



**पखांजुर।** थाना पखांजुर परिसर में क्षेत्र के सभी 9 पेट्रोल पंप संचालकों की बैठक लेकर सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने सभी संचालकों को निर्देशित किया कि पेट्रोल पंप परिसरों में उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं, जिनकी निगरानी मुख्य सड़क तक प्रभावी रूप से हो, ताकि संदिग्ध गतिविधियों पर सतत नजर रखी जा सके। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी व्यक्ति को खुले पात्र में पेट्रोल अथवा डीजल का विक्रय नहीं किया जाए। इसके अलावा सभी पेट्रोल पंपों पर थाना पखांजुर का शासकीय मोबाइल नंबर प्रमुख स्थान पर प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए, जिससे आवश्यकता पड़ने पर आम नागरिक तत्काल पुलिस से संपर्क कर सकें। आपातकालीन परिस्थितियों में अग्निशमन, चिकित्सा सहायता अथवा पुलिस सहायता प्राप्त करने के लिए डायल 112 का उपयोग करने की भी जानकारी दी गई। पेट्रोल पंप जैसे संवेदनशील प्रतिष्ठानों पर सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करना आवश्यक है।

### गैस एजेंसी कर्मियों व उपभोक्ताओं ने पुलिस-प्रशासन से की सख्त कार्रवाई की मांग

# गैस गोदाम के पास शराबियों का जमावड़ा महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा खतरा में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

- दुर्गूकोंदल में अंग्रेजी शराब दुकान के बाहर खुलेआम शराबखोरी से बढ़ी परेशानी

विकासखंड मुख्यालय दुर्गूकोंदल स्थित आदिम जाति शासकीय समिति के गैस गोदाम के सामने रोजाना शराबियों का जमावड़ा आम लोगों के लिए बड़ी समस्या बनता जा रहा है। गैस गोदाम से महज कुछ दूरी पर संचालित अंग्रेजी शराब दुकान के कारण खुलेआम शराब सेवन, गंदगी और अभद्रता की घटनाओं से महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। गैस जैसे संवेदनशील परिसर के बाहर यह स्थिति अब सुरक्षा के लिहाज से भी चिंता का विषय बन गई है।

विकासखंड दुर्गूकोंदल स्थित आदिम जाति शासकीय समिति के अंतर्गत संचालित गैस गोदाम परिसर के सामने शराबियों का जमावड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। गोदाम के समीप संचालित अंग्रेजी शराब दुकान से शराब खरीदने के बाद कई लोग गोदाम के सामने ही बैठकर खुलेआम शराब का सेवन करते हैं। शराब पीने के बाद खाली कांच की बोतलें, प्लास्टिक के गिलास और अन्य कचरा सड़क एवं परिसर के आसपास फेंक दिया जाता है, जिससे पूरे क्षेत्र में गंदगी का माहौल बना रहता है। गैस गोदाम में प्रतिदिन बड़ी संख्या में उपभोक्ता गैस सिलेंडर लेने और रिफिलिंग कराने पहुंचते हैं। ऐसे में शराबियों की भीड़ के बीच से गुजरना महिलाओं, युवतियों, बुजुर्गों और स्कूली बच्चों के लिए असहज स्थिति पैदा कर रहा है। कई लोग इस कारण स्वयं को असुरक्षित महसूस करते हैं। प्रशासन से मांग की है कि गैस गोदाम के सामने खुलेआम शराब सेवन करने वालों के खिलाफ तत्काल प्रभावी कार्रवाई की जाए। उनका कहना है कि यदि समय रहते आवश्यक कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में किसी अप्रिय घटना से इंकार नहीं किया जा सकता।



### महिलाओं और बच्चों में बना रहता है भय का माहौल

आदिम जाति शासकीय समिति दुर्गूकोंदल के कंप्यूटर ऑपरेटर भावेश सोनी ने बताया कि गैस गोदाम में प्रतिदिन अधिकारी, कर्मचारी और सैकड़ों उपभोक्ताओं का आना-जाना रहता है। लेकिन गोदाम के सामने शराबियों के बैठने और खुलेआम शराब पीने से लोगों को शर्मिंदगी और परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि कई बार नशे में धुत लोग अभद्र व्यवहार भी करते हैं, जिससे विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों में भय का वातावरण बना रहता है।

### टूटे कांच से दुर्घटना का खतरा, सुरक्षा पर भी सवाल

शराब पीने के बाद खाली कांच की बोतलें सड़क और गोदाम परिसर के सामने फेंक दी जाती हैं। कई बार ये बोतलें टूट जाती हैं, जिससे पैदल आने-जाने वाले लोगों और दोपहिया वाहन चालकों के घायल होने का खतरा बना रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गैस गोदाम जैसे संवेदनशील स्थान के सामने इस तरह की गतिविधियां सुरक्षा की दृष्टि से भी गंभीर चिंता का विषय हैं। यदि किसी प्रकार की चूक होती है तो बड़ा हादसा भी हो सकता है।

### नियमित निगरानी और पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि गैस गोदाम एक सार्वजनिक सेवा केंद्र है, जहां प्रतिदिन सैकड़ों लोग अपनी आवश्यक सेवाओं के लिए पहुंचते हैं। ऐसे स्थान के सामने शराब सेवन और गंदगी फैलना प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। लोगों ने शराब दुकान के आसपास नियमित सफाई व्यवस्था, पुलिस गश्त और निगरानी बढ़ाने की मांग की है, ताकि सार्वजनिक स्थल का वातावरण सुरक्षित और व्यवस्थित बनाया जा सके।

# आवासपारा में गाली-गलौज और मारपीट पर दो काउंटर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



- दोनों पक्षों ने लगाए एक-दूसरे पर आरोप

सरोना थाना क्षेत्र के ग्राम आवासपारा में शुक्रवार शाम पारिवारिक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। घटना के बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ गाली-गलौज, घर में घुसकर मारपीट और चोट पहुंचाने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने दोनों शिकायतों पर अलग-अलग अपराध दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

थाना में शिकायत करने पहुंचे आवासपारा निवासी 40 वर्षीय रेखा जायसवाल ने रिपोर्ट में बताया कि 24 जुलाई की शाम करीब 7 बजे वह अपने बच्चों के साथ घर पर थी। इसी दौरान मोहल्ले में रहने वाली सरिता सागर उसके घर पहुंची और उसके पति कमलेश जायसवाल के बारे में पूछताछ करने लगी। रेखा का आरोप है कि बातचीत के दौरान सरिता सागर घर के अंदर घुस गई और उसे, उसकी बेटियों योगिता व दिव्या तथा उसकी बहन सुनिता सारथी को अश्लील गालियां देने लगी। विरोध करने पर दरवाजा धक्का देकर खोल दिया, जिससे उसकी बेटी दिव्या के सिर में चोट लगी। बीच-बचाव करने पहुंची रेखा और उसकी बेटी योगिता के साथ भी मारपीट की गई, जिससे दोनों को कंधे एवं शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आईं। पुलिस ने इस शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 115(2) एवं 331(2) के तहत अपराध दर्ज किया है।

वहीं, दूसरे पक्ष की 45 वर्षीय सरिता सागर ने भी थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया कि वह अपने पति चन्द्र प्रकाश सागर की तलाश में कमलेश जायसवाल के घर गई थी। पूछताछ के दौरान कहासुनी हो गई। सरिता का आरोप है कि कुछ देर बाद कमलेश जायसवाल और चन्द्रकुमार सारथी वहां पहुंचे तथा कमलेश जायसवाल ने उसके साथ अश्लील गाली-गलौज करते हुए बाल पकड़कर घर के अंदर घसीटा और मारपीट की। इस घटना में उसके हाथ की कलाई, सिर और कान के पास चोटें आईं। पुलिस ने सरिता की शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 296 एवं 115(2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बिहान समूह की महिलाओं ने किसानों को सिखाई जैविक खेती की तकनीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के अंतर्गत महिला स्व-सहायता समूह की सदस्य अब केवल स्वयं की आय बढ़ाने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि किसानों को आधुनिक एवं जैविक खेती की तकनीकों से जोड़कर कृषि उत्पादन बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं बिहान परियोजना के मार्गदर्शन में हाटकोंदल क्लस्टर के अंतर्गत शारदा महिला संगठन, सिवनी की महिलाओं ने ग्राम सिवनी में किसानों के खेतों में व्यावहारिक प्रशिक्षण आयोजित किया। कार्यक्रम के दौरान पीआरपी ममता ठाकुर के नेतृत्व में किसान परदेसी राम मंडावी एवं शैलेंद्री मंडावी के कृषि भूमि में 36×36 मॉडल के तहत सब्जी उत्पादन का प्रदर्शन किया गया। साथ ही सब्जी फसलों के लिए मचान विधि अपनाने की जानकारी दी गई, जिससे सीमित भूमि में अधिक उत्पादन प्राप्त किया जा सके। महिलाओं ने खेत में जैविक खाद, जैविक कीटनाशक तथा प्राकृतिक खेती की विभिन्न विधियों का प्रदर्शन करते हुए किसानों को इनके उपयोग और लाभ विस्तार से समझाए।



प्रशिक्षण में विधि कतार बोनी, मचान विधि, जैविक खाद निर्माण, प्राकृतिक कीटनाशक तैयार करने की प्रक्रिया, उन्नत बीज चयन तथा फसल प्रबंधन की तकनीकों की जानकारी दी गई। महिलाओं ने बताया कि रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम कर जैविक खेती अपनाने से मिट्टी की उर्वरता बनी रहती है, उत्पादन की गुणवत्ता बेहतर होती है तथा खेती की लागत में भी कमी आती है। बिहान समूह की महिलाओं ने कहा कि उनका उद्देश्य केवल कृषि उत्पादन बढ़ाना नहीं, बल्कि ग्रामीण महिलाओं और किसानों को आत्मनिर्भर बनाना भी है। कार्यक्रम में कृषि सखी रोशनी महावीर, सक्रिय महिला सदस्य भुवनेश्वरी जैन, सुशीला तोपा, सामेश्वरी, इतवारीन बाई, विश्वकर्मा उद्योग सखी कंचन तोपा सहित अनेक महिला स्व-सहायता समूहों की सदस्य उपस्थित रहीं। उन्होंने किसानों को खेती के साथ-साथ स्वरोजगार एवं छोटे-छोटे व्यवसाय शुरू करने के संबंध में भी मार्गदर्शन दिया, जिससे ग्रामीण परिवारों की आय में वृद्धि हो सके।

# बेटी से शादी की जिद, युवक ने घर में घुसकर चाकू दिखाया व दी धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

प्यार के जुनून में मर्यादा लांघने और कानून को ठेंगा दिखाने की एक खौफनाक वारदात सामने आई है। बांदे थाना क्षेत्र के ग्राम बेलगाल में 22 जुलाई की आधी रात को एक शराब के नशे में धुत युवक जबरन एक ग्रामीण के घर में घुस आया। सिरफिरे आशिक ने घर की युवती से शादी करने की जिद पर अड़ा और विरोध करने पर परिजनों को गंदी-गंदी गालियां दीं। इतना ही नहीं, जब घर के सदस्यों ने उसे रोकने की कोशिश की, तो आरोपी ने बड़ा चाकू निकालकर सभी को जान से मारने की धमकी दे डाली। घटना की जानकारी के बांदे थाना क्षेत्र के एक पीड़ित व्यक्ति बांदे थाना पहुँचकर पुलिस को बताया कि मैं अपने घर के बरामदे में सो रहा था और रात करीब साढ़े 11 बजे मोटरसाइकिल से आए एक युवक ने दरवाजा खटखटाया। युवक ने कहा कि वह शिकायतकर्ता की बेटी से प्यार करता है और उससे ही शादी करेगा। नशे में धुत आरोपी को जब शिकायतकर्ता ने समझाने और मना करने का प्रयास किया, तो वह आपा खो बैठा। गाली-गलौज करते हुए आरोपी ने अपने पास छिपाकर रखा धारदार चाकू निकाल लिया और पूरे परिवार को खत्म करने की धमकी देने लगा। शोर-शराबा सुनकर पीड़िता और उसकी भाभी बाहर आ गईं। महिलाओं को देखते ही आरोपी अपनी मोटरसाइकिल वहीं आंगन में छोड़कर चाकू लहराता हुआ अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। अगले दिन उसकी बहू ने आरोपी की पहचान पीव्ही 92 धरमपुर (छोटेबेठिया) निवासी संजीत विश्वास के रूप में की। लगातार बारिश के कारण वह तत्काल थाना नहीं पहुंच सके और 24 जुलाई को बांदे थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी संजीत विश्वास के विरुद्ध धारा 296, 351(3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।



# डीएमएफ की राशि 306.50 करोड़ की कार्ययोजना मंजूर, शिक्षा पर फोकस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर की अध्यक्षता में शनिवार को जिला खनिज संस्थान न्यास डीएमएफ शासी परिषद की बैठक आयोजित हुई। बैठक में अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेंडी, विधायक सावित्री मण्डावी, विधायक आशाराम नेताम तथा छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड की अध्यक्ष शालिनी राजपूत उपस्थित रहीं। बैठक में वर्ष 2026-27 के लिए 306.50 करोड़ रुपए की वार्षिक कार्ययोजना का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।



स्वीकृत कार्ययोजना के तहत 214 करोड़ रुपए उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में खर्च किए जाएंगे। इनमें स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा, कृषि एवं संबद्ध गतिविधियां, महिला एवं बाल विकास (पोषण), पेयजल आपूर्ति, पशुपालन, कौशल विकास एवं रोजगार, वृद्ध एवं दिव्यांगजन कल्याण, पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण, स्वच्छता तथा आवास संबंधी विकास कार्य शामिल हैं। वहीं 92.50 करोड़ रुपए अन्य प्राथमिकता वाले क्षेत्रों जैसे सिंचाई, ऊर्जा, जल विभाजक विकास एवं भौतिक अधोसंरचना के विकास पर व्यय किए जाएंगे। बैठक में बेसलाइन सर्वे एवं गैप एनालिसिस के आधार पर तैयार पंचवर्षीय योजना, वर्ष 2026-27 की वार्षिक कार्ययोजना तथा डीएमएफ की 10 प्रतिशत राशि को अक्षय निधि के रूप में सुरक्षित रखने के प्रावधान की भी जानकारी दी गई। कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मण्डावी ने डीएमएफ न्यास के उद्देश्य, प्रभावित क्षेत्रों एवं हितग्राहियों, भारत सरकार की नवीन दिशा-निर्देशों तथा छत्तीसगढ़ जिला खनिज संस्थान न्यास नियम 2015 की जानकारी देते हुए कार्ययोजना का विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया। बैठक में जनप्रतिनिधियों को स्वीकृत सभी निर्माण कार्यों की जानकारी उपलब्ध कराने, गुणवत्ता मानकों का कड़ाई से पालन करते हुए समय-सीमा में कार्य पूर्ण कराने तथा अवैध उत्खनन के मामलों में सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष अरुण कौशिक, डीएफओ रौनक गोयल, शासी परिषद के सदस्य अर्जुन राम नेताम, केशव मरकाम, सरस्वती देवांगन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## सर्पदंश से महिला की मौत

**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत मौसमटोला निवासी 45 वर्षीय जानो बाई पल्लो पति सन्नुराम पल्लो का सर्पदंश से 24 जुलाई को मौत हो गया। मृतक के परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतिका को सांप ने काट लिया था। जहर पूरे शरीर में फैल जाने के कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

# स्वास्थ्य की साधना, नीलकंठ महादेव मंदिर में योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर/सरोना

नरहरपुर स्थित नीलकंठ महादेव मंदिर इन दिनों केवल धार्मिक आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि स्वास्थ्य जागरूकता और सकारात्मक जीवनशैली का प्रेरणास्थल बन गया है। प्रतिदिन सुबह आयोजित होने वाली निःशुल्क योग कक्षा में बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिलाएं, युवा और वरिष्ठ नागरिक भाग लेकर शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाने की दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं।

जिले के नरहरपुर स्थित नीलकंठ महादेव मंदिर प्रांगण में प्रतिदिन प्रातःकाल नियमित योग कक्षा का आयोजन किया जा रहा है। सुबह की शुद्ध हवा, मंदिर का शांत वातावरण और सामूहिक योगाभ्यास प्रतिभागियों को नई ऊर्जा और मानसिक शांति प्रदान कर रहा है। क्षेत्र के ग्रामीणों के साथ-साथ महिलाएं, युवा और वरिष्ठ नागरिक भी उत्साहपूर्वक योग सत्र में शामिल हो रहे हैं। योग शिक्षक यशवंत जैन एवं पूर्णिमा जैन के मार्गदर्शन में प्रतिदिन सुबह 5 से 7 बजे तक यह निःशुल्क योग कक्षा संचालित होती है। योगाभ्यास के दौरान प्रतिभागियों को प्राणायाम, ध्यान, सूर्य नमस्कार और विभिन्न योगासन कराए जाते हैं। साथ ही प्रत्येक आसन की सही विधि और उससे होने वाले स्वास्थ्य लाभ की जानकारी भी दी जाती है, जिससे लोग योग का अधिकतम लाभ प्राप्त कर सकें। नियमित योग करने वाले प्रतिभागियों का कहना है कि योग ने उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। इससे मानसिक तनाव कम हुआ है, शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार आया है तथा दिनभर कार्य करने के लिए नई ऊर्जा मिलती है। कई लोगों ने स्वास्थ्य संबंधी छोटी-बड़ी समस्याओं में भी राहत मिलने की बात कही।






तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

